कंधे कांवड़ उठाके हरिद्वार जाना है | By Riyaz Hindustani |

बाबा भोला भंडारी
करता नंदी सवारी
गोदी गणपति विराजे
संग गौरा महतारी
आज इस झांकी को
मन में बसाना है
कंधे कांवड़ उठाके
कंधे कांवड़ उठाके
कंधे कांवड़ उठाके
हरिद्वार जाना है

सबसे पहले गंगा जी में
जाके नहाऊँगा
फिर अपनी कांवड़ में
गंगा जल भर लाऊँगा
फिर शिव मस्ती में
मस्त हो जाना है
कंधे कांवड़ उठाके
कंधे कांवड़ उठाके
कंधे कांवड़ उठाके
हरिद्वार जाना है

गंगा जल लाऊँगा मैं
कांवड़ में भर के
झूम झूम नाचूँगा मैं
काँधे पे धर के
सारे कांवड़ियों को
संग नचाना है
कंधे कांवड़ उठाके
कंधे कांवड़ उठाके
कंधे कांवड़ उठाके
हरिद्वार जाना है

कांवड़ियों की भीड़ चली
शिव के द्वारे
बम बम बम बम
नाम पुकारे
मुझको भी शिव का
भजन सुनाना है
कंधे कांवड़ उठाके
कंधे कांवड़ उठाके
कंधे कांवड़ उठाके
हरिद्वार जाना है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%82%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%a1%e0%a4%bc-

%e0%a4%89%e0%a4%a0%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a5%87-
%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%b5/